BSES

वेस्ट दिल्ली को मिला नया ग्रिड, 1 लाख लोगों को होगा फायदा

60 करोड़ की लागत से तैयार ग्रिड ऊर्जा मंत्री ने जनता को समर्पित किया

नई दिल्लीः 14 फरवरी, 2013। वेस्ट दिल्ली को बिजली का नया ग्रिड स्टेशन मिला है। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ ने आज बीआरपीएल का नया ग्रिड स्टेशन वेस्ट दिल्ली की जनता को समर्पित किया। 60 करोड़ रूपये की लागत से यह ग्रिड तैयार हुआ है। रघुबीर नगर के गुरू गोबिंद सिंह अस्पताल कैंपस में बने इस 66/11 केवी ग्रिड से वेस्ट दिल्ली के 1 लाख से अधिक लोगों को फायदा होगा। उन्हें बेहतर व गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति मिलेगी। जिन इलाकों को इस नए ग्रिड से फायदा होगा, वे हैं– राजौरी गार्डन, टैगोर गार्डन, विष्णु गार्डन, श्याम नगर, ख्याला, रघुबीर नगर, विशाल एन्क्लेव और जनता कॉलोनी।

फिलहाल इस इलाके का बिजली लोड 145 एमवीए है। आज से, इस इलाके में बीआरपीएल की बिजली वितरण क्षमता में करीब 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है। यानी, इस ग्रिड की मदद से बीआरपीएल 195 एमवीए बिजली का वितरण करने में सक्षम हो गई है, जबकि लोड 145 एमवीए ही है। मतलब, आने वाले कई साल तक बीआरपीएल यहां की बिजली की मांग को आसानी से पूरा कर सकती है।

फिलहाल इस ग्रिड क्षमता, इलाके में बिजली की मांग के हिसाब से 50 एमवीए रखी गई है, लेकिन भविष्य में जरूरत पड़ने पर ग्रिड की क्षमता को 75 मेगावॉट तक किया जा सकता है। इस ग्रिड की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसे बनाने में 230 किलोमीटर केबल का इस्मेताल हुआ है।

ग्रिड के उद्घाटन के मौके पर सांसद श्री महाबल मिश्रा, विधायक श्री दयानंद चंदेला, पार्षद श्री मेघराज चंदेला, श्री प्रदीप शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी चंदेला व श्रीमती सुनीता यादव, और बीआरपीएल सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के नेतृत्व में कंपनी के सीनियर अधिकारी भी मौजूद थे।

ऊर्जा मंत्री श्री हारून यूसुफ ने कहा– दिल्ली में बिजली की मांग सालाना 8 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। इस साल गर्मियों में बिजली की मांग 6000 मेगावॉट तक पहुंच जाने की उम्मीद है। बढ़ती मांग के हिसाब से बिजली वितरण का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करना भी जरूरी है। और, मैं खुश हूं कि, बीआरपीएल जमीनी स्तर पर अपने नेटवर्क को बेहतर बनाने के काम में लगी हुई है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस 66/11 केवी ग्रिड स्टेशन से इलाके के लोगों को आने वाली गर्मियों में और बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी।

बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के मुताबिक– इस ग्रिड के तैयार होने से, इलाके के निवासियों और व्यवसाइयों की पुरानी मांग पूरी हो गई है। यह ग्रिड इलाके में बिजली आपूर्ति को निर्बाध और अत्यधिक विश्वसनीय बनाएगा।

श्री गोपाल सक्सेना ने कहा– बीआरपीएल इलाके का यह 80वां ग्रिड भी अन्य ग्रिडों की तरह मानवरहित है और, इसे बालाजी एस्टेट स्थित स्काडा सिस्टम से जोड़ दिया गया है। इस ग्रिड को कंट्रोल रूम से सीधे ऑपरेट किया जा सकता है। इससे जहां शिकायतों और ब्रेकडाउंस का तेजी से समाधान किया जा सकेगा, वहीं यह ग्रिड इस इलाके में एटीएंडसी लॉस में कमी लाने में भी मदद करेगा।